Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Thursday, 19 December 2024 ● Year : 02 ● Issue : 326 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

उन लोगों पर ध्यान न दें, जो आपको भयभीत और दुखी करते हैं, जो आपको बीमारी और मृत्यु की ओर ले जाते हैं।

-रूमी

Nothing Just Shraddha...

SHARE

सेंसेक्स	:	80,684.45
निफ्टी	:	24,336.00

SARAFA

सोना	:	7,330
चांदी	:	100.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

दम घुटने से दो बच्चों सहित छह लोगों की चली गई जान

JAMMU : बुधवार को जम्मू कठुआ स्थित शिवानगर शहर में दुखद हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कठुआ के जीएमसी अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक घर में आग लग गई थी, जिसमें दम घुटने से सभी की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे। कठुआ जीएमसी अस्पताल के डॉ. सुरिंदर अत्री ने कहा, यह एक दुखद घटना है। यह आग रेंटेड हाउस में लगी है। हमारे असिस्टेंट मैट्रन तीन चार महीने पहले रिटायर हुई थीं। किराए के मकान में ही यह घटना घटी। इस घटना में कुल छह लोगों की जान चली गई। बचे हुए तीन लोग अभी खतरे से बाहर हैं।

29 दिसंबर से शुरू होगा 'उद्यान उत्सव'

NEW DELHI : बुधवार को राष्ट्रपति भवन ने कहा कि राष्ट्रपति निलयम, बोलारम, सिकंदराबाद 29 दिसंबर से 15 दिवसीय पुष्प एवं बागवानी महोत्सव उद्यान उत्सव की मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित उद्यान उत्सव का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के माध्यम से प्रकृति का जश्न मनाना, पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना है। लोग विषयगत स्टालों पर जाकर और कार्यशालाओं में भाग लेकर कृषि और बागवानी में नवाचार और तकनीकी विकास के बारे में खुद को जागरूक कर सकते हैं।

सैन्य अभ्यास के दौरान ब्लास्ट, दो जवानों की मौत

JAIPUR : बुधवार को राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में सैन्य अभ्यास के दौरान तोप से फायर करते समय हुए ब्लास्ट में दो जवानों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह हादसा चार्ली सेंटर पर उस वक्त हुआ जब सैनिक गोला-बारूद लोड कर रहे थे। चार्जर में अचानक विस्फोट होने से तीन जवान इसकी चपेट में आ गए।

उमर खालिद को मिली अंतरिम जमानत

NEW DELHI : दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी, 2020 के दंगों से जुड़े साजिश मामले में आरोपी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार को सात दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने खालिद को परिवार में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी।

अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में टेस्ट सीरीज के ड्रा रहे तीसरे मैच के बाद अश्विन ने यह फैसला लिया। एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट मैच उनका आखिरी टेस्ट मैच था। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए कुल 106 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 की औसत से 537 विकेट लिए। अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत के पहले तीन टेस्ट मैचों में से सिर्फ एक ही टेस्ट (डे-नाइट टेस्ट) खेला, जिसमें उन्होंने 53 रन देकर एक विकेट लिया था। इससे पहले अश्विन भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा थे, जहां भारत को 0-3 से करीब शिकस्त झेलनी पड़ी थी। उस सीरीज में अश्विन का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 41.2 की औसत से सिर्फ नौ विकेट लिए थे।

अनिल कुंबले के बाद दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

इंटरनेशनल करियर

टेस्ट

मैच	विकेट	रन
106	537	3503

वनडे

मैच	विकेट	रन
116	156	707

टी-20i

मैच	विकेट	रन
65	72	184

एडिलेड में खेला गया डे-नाइट मैच था उनका आखिरी टेस्ट मैच

116 वनडे मैच में लिए 156 विकेट

अगर वनडे क्रिकेट की बात की जाए तो उनके नाम 116 मैचों में 33 की औसत और 4.93 की इकॉनमी से 156 विकेट हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/25 रहा है। उन्होंने वनडे में एक अर्धशतक की मदद से 707 रन बनाए हैं जबकि टी20 में उन्होंने 65 मैचों में 6.90 की इकॉनमी और 23 की औसत से 72 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/8 का रहा है।

दुनिया के 11वें ऑलराउंडर

अश्विन के नाम छह टेस्ट शतक और 14 अर्धशतकों के साथ 3503 टेस्ट रन भी हैं और वह 300 विकेट और 3000 रन का डबल करने वाले दुनिया के सिर्फ 11वें ऑलराउंडर हैं। उनके नाम मुथैया मुरलीधरन के बराबर सर्वाधिक 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड हैं।

सुप्रीम कोर्ट में होगी झारखंड में कोयला चोरी मामले की सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : सुप्रीम कोर्ट में धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर अब 20 दिसंबर को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में इस केस की सुनवाई हो रही है। इस मामले में सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। फिलहाल शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश झारखंड हाईकोर्ट ने दिया था।

3 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

हाईकोर्ट ने 3 अक्टूबर को इस मामले में प्रतिवादी बने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत यह आदेश पारित किया था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन का पीएम ने दिया जवाब

कांग्रेस ने वर्षों तक अंबेडकर व एससी एसटी समुदाय को किया अपमानित

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसका पारिस्थितिक तंत्र दुर्भावनापूर्ण झूठ से कई वर्षों के अपने कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रहा है। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली पार्टी ने अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदाय को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है। बता दें कि गृहमंत्री अमित शाह के मंगलवार को राज्यसभा में दिए गए एक बयान को कांग्रेस ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बताया है। इसके चलते पार्टी के सदस्यों ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया और कामकाज नहीं होने दिया।

अंबेडकर के विचारों के अनुसार गरीबों के लिए अपनी सरकार के काम का किया दावा

25 करोड लोगों को गरीबी से निकाला

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अंबेडकर के दृष्टिकोण को पूरा करने का अथक प्रयास कर रही है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकलना एसटी-एसटी अधिनियम को मजबूत करना, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और जितनी भी योजनाएं हैं उन्होंने गरीब और हाशिए पर गए लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

शाह ने कांग्रेस के काले इतिहास को किया उजागर

प्रधानमंत्री ने कहा, अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध हैं, यही कारण है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! दुख की बात है कि उनके लिए लोग सच्चाई जानते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर चरणबद्ध पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस के पापों की सूची में कई विशेष शामिल हैं।

खड़गे ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद के बाहर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में खड़गे ने कल सदन में संविधान पर बहस के दौरान शाह द्वारा की गई टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने (अमित शाह) विपक्षी सदस्यों से कहा था कि जितनी बार वे (विपक्षी सदस्य) बाबा साहेब का नाम लेते हैं, अगर उतनी बार वे भगवान का नाम लेंगे तो उन्हें सात बार स्वर्ग मिलेगा। खड़गे ने कहा कि इससे पता चलता है कि गृहमंत्री खुद अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश में गुस्सा फैल सकता है, क्योंकि कोई भी अंबेडकर और देश के संविधान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा।

मेरे बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया : शाह



बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने राज्यसभा में बाबा साहेब अंबेडकर पर दिए गए उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और कहा कि वह सपने में भी संविधान निमार्ता का अपमान नहीं कर सकते हैं। शाह ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कल से कांग्रेस ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास किया है, वह अत्यंत निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता उपस्थित थे। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि भाजपा के वक्ताओं ने संविधान पर, संविधान की रचना के मूल्यों पर भाजपा के वक्ताओं ने उदाहरण के साथ अपने विचार रखे।

किसानों ने किया तीन घंटे का 'रेल रोको' प्रदर्शन

CHANDIGADH : फसलों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बुधवार को किसानों के रेलमार्गों पर बैठ जाने के कारण पंजाब में ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। 'रेल रोको' आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किया है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक कई स्थानों पर रेल पटरियों पर बैठे रहे । गुरदासपुर के मोगा, फरीदकोट, कादियां और बटाला; जालंधर में फिल्लौर; होशियारपुर में टांडा, दसूया, माहिलपुर; फिरोजपुर में मक्खू, तलवंडी भाई; लुधियाना में साहनेवाल; पटियाला में शंभू; मोहाली, संगरूर के सुनाम और लहरा, बठिंडा के रामपुरा फूल और अमृतसर के देवीदासपुरा समेत कई स्थानों पर प्रदशनकारी किसानों ने ट्रेन मार्गों को बाधित किया। जम्मू से सियालदह जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस, अमृतसर से मुंबई जाने वाली दादर एक्सप्रेस और नई दिल्ली से अमृतसर जाने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस को लुधियाना रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर रोक दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र को कई बार दिया गया बकाया राशि का विस्तृत ब्रेकअप

केंद्र सरकार के पास बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये पर झारखंडियों का हक : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्र सरकार की ओर से 1.36 लाख करोड़ झारखंड के बकाया को देने से इनकार करने के बाद राजनीति गर्म हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों के हक में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है। फिर भी केंद्र सरकार के जरिए इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है।

- हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है इसे नकारना
- अधिकारियों को सीएम ने बकाया वापसी के लिए लीगल प्रोसेस शुरू करने का दिया है आदेश
- भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को बनाया गया है नोडल पदाधिकारी

हम इसे होने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया ह्यएक्सह्न पर बुधवार को ट्वीट कर कहा है कि झारखंड भाजपा यदि इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

केंद्र के रुख के बाद एक्शन में आई सरकार

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने लोस में कह दिया है कि केंद्र पर झारखंड का कोई बकाया नहीं है और केंद्र सरकार झारखंड से कोई भेदभाव नहीं करती है। केंद्र सरकार के इस रूप के बाद इसके बाद हेमंत सरकार एक्शन में आ गई है। कोल कंपनियों के यहां 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया की वसूली के लिए राज्य सरकार ने लीगल प्रोसेस शुरू करने का आदेश दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

हिंदी में गगन गिल को मिलेगा 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार

NEW DELHI : साहित्य अकादमी ने हिंदी के लिए प्रतिष्ठितकवयित्री गगन गिल और अंग्रेजी में ईस्टरिन किरे समेत 21 भारतीय भाषाओं के रचनाकारों को वर्ष 2024 का प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा बुधवार को की। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिल को उनके कविता संग्रह मैं जब तक आई बाहर के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित जाएगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में किरे को उनके उपन्यास ह्यस्पिरिट नाइट्सह्न के लिए तथा मराठी में सुधीर रसाल को उनकी आलोचना ह्यविंदांचे गुद्यरूपह्न हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विजेता रचनाकारों को अगले साल आठ मार्च को आयोजित एक समारोह में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा जिसमें एक लाख रुपये की राशि, एक उत्कीर्ण ताम्रफलक और शॉल शामिल है। राव के मुताबिक, इनके अलावा संस्कृत में दीपक कुमार शर्मा (कविता संग्रह), राजस्थानी में मुकुट मणिराज (कविता संग्रह), पंजाबी में पॉल कौर (कविता संग्रह), कश्मीरी में सोहन कौल (उपन्यास) और गुजराती में दिलीप झावेरी (कविता संग्रह) समेत अन्य को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अकादमी ने फिलहाल 21 भाषाओं के लिए पुरस्कारों का ऐलान किया है जिनमें आठ कविता संग्रह, तीन उपन्यास, दो कहानी संग्रह, तीन निबंध, तीन साहित्यिक आलोचना, एक नाटक और एक शोध की पुस्तक शामिल हैं।

बांग्लादेश की सीमा पर दिखे यूएवी, वायु सेना ने लड़ाकू विमानों से बढ़ाई निगरानी

AGENCY NEW DELHI : बांग्लादेश सीमा पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद मेघालय पुलिस की ओर से सतर्क किए जाने पर वायु सेना ने अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है। राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन पर नजर रख रहे हैं। मेघालय सीमा के बहुत नजदीक एक बांग्लादेशी ड्रोन के देखे जाने के बाद निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी को मार गिराया जाएगा। भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पिछले हफ्ते में कई बार टीबी-2 यूएवी देखे जा रहे हैं। बांग्लादेश में छतक और सुनामगंज के आस-पास के इलाकों में यूएवी उड़ते हुए पाए गए। इसके अलावा सीमा के पास मेघालय राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ते हुए देखा गया है।

एयरबेस से यूएवी का संचालन

बांग्लादेश ने इस साल की शुरूआत में अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों के तहत यह ड्रोन हासिल किए थे। बांग्लादेश के तेजगांव एयरबेस से एक यूएवी संचालित किया गया था। तुर्की कंपनी बायकर ने बेराकटार टीबी-2 यूएवी को विकसित किया है, जिसे निगरानी और सटीक हमला मिशनों में अपनी दोहरी क्षमताओं के लिए जाना जाता है। ये यूएवी 300 किमी. की परिचालन सीमा और 27 घंटे की धीरज के साथ अपनी तरह के सबसे उन्नत में से हैं। सीमा पर टीबी-2 यूएवी देखे जाने की जानकारी मिलने पर मेघालय पुलिस के महानिदेशक इदाशीशा नोंग्रांग ने इस घटना के बारे में भारतीय वायु सेना को भी अवगत कराया।

हर स्थिति पर सेना की बारीक नजर

सुरक्षाबलों ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां अक्सर पड़ोसियों के लिए सीधे सुरक्षा खतरा पैदा करने के बजाय आंतरिक समर्थन जुटाने का काम करती हैं। भारत सीमा पर निगरानी और खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को बढ़ाकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारतीय सशस्त्र बल अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संभावित जवाबी उपायों का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। बांग्लादेशी सेना के टीबी-2 हमलावर ड्रोन देखे जाने के बाद बीएसएफ को भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट उड़ने वाली किसी भी हवाई वस्तु को मार गिराने का निर्देश दिया गया है, इसीलिए भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन ड्रोन पर नजर रख रहे हैं।

बड़ी संभावना — पत्थरों के नीचे दबे स्रोतों में उपलब्ध है भविष्य का बड़ा खजाना

बिजली आपूर्ति में सक्षम है धरती के गर्भ में छिपा हाइड्रोजन

AGENCY NEW DELHI : हमारे रोजाना के जीवन में विज्ञान और तकनीक से प्राप्त सुविधाएं कई समस्याओं का समाधान करती हैं। समस्याओं के निदान में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में लगातार रिसर्च में विशेषज्ञ लगे हुए हैं। रिसर्च से आ रही नई जानकारी में भविष्य के लिए तमाम अच्छे संकेत मिल रहे हैं। इस पृथ्वी के गर्भ में छिपी संभावनाओं पर रिसर्च कर रहे विशेषज्ञों ने बड़ी जानकारी दी है। हम जानते हैं कि पृथ्वी पर वायुमंडल में हाइड्रोजन की मात्रा बहुत कम होती है, लेकिन यह जीवन के लिए अत्यंत जरूरी है, क्योंकि इसके बिना पानी नहीं बन सकता है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन मिलकर ही पृथ्वी पर पानी का निर्माण करते हैं। अगर यह पानी न बने तो पृथ्वी पर जीवों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। लंबे समय से चल रहे रिसर्च में अब जाकर वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि पृथ्वी की सतह के नीचे हाइड्रोजन का खजाना मौजूद है। इसका मात्र दो फीसद हिस्सा ही पूरी धरती पर 200 साल तक बिजली की आपूर्ति कर सकता है। ये हाइड्रोजन पत्थरों और जमीन के नीचे स्रोतों में विद्यमान है।

जमीन की सतह के नीचे करीब 6.3 लाख करोड़ टन हाइड्रोजन है मौजूद

अभी इस हाइड्रोजन के सटीक स्थान का पता लगाने में लगे हैं वैज्ञानिक

- पृथ्वी में मौजूद तेल से 26 गुना अधिक है इसकी मात्रा
- अत्यंत कम होती है वायुमंडल में विद्यमान हाइड्रोजन की मात्रा

जल्द सार्वजनिक होगी विस्तृत जानकारी

वैज्ञानिकों को अभी इस हाइड्रोजन के सटीक स्थान का पता नहीं चल पाया है। वैज्ञानिकों ने धरती में मौजूद हाइड्रोजन की जानकारी देते हुए बताया है कि सटीक स्थान की खोज पर शोध जारी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस खजाने की विस्तृत जानकारी सामने आ जाएगी।

शनि ग्रह के छल्लों की उम्र पर हो रहा रिसर्च

सौरमंडल के शनि ग्रह के छल्लों पर भी रिसर्च जारी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शनि के चमकीले छल्ले करीब 4.5 अरब साल पुराने हैं। हाल ही में जापानी वैज्ञानिकों ने एक शोध में यह दावा किया। अब तक किए गए शोध में शनि के छल्लों को 10 करोड़ से 40 करोड़ साल पुराना बताया गया था।

वैज्ञानिकों का मानना है कि शनि के छल्लों की उम्र हमारी सोच से कहीं अधिक हो सकती है। नासा के कैसिनी मिशन के डाटा के आधार पर इसका दावा किया गया है।

सौरमंडल का प्रारंभिक समय

वैज्ञानिकों ने कहा कि शनि के छल्ले पर धूल की परत न होने के कारण उन्हें साफ देख सकते हैं।?जब रेत के कणों से भी छोटे कण छल्लों की बर्फ से टकराते हैं, तो वह वाष्प बन जाते हैं। इसी वजह से छल्ले हमेशा साफ रहते हैं। जापानी वैज्ञानिक ह्योडो ने बताया है कि भले ही छल्ले करीब 2.25 अरब साल पहले बने हों, लेकिन संभावना है कि ये सौरमंडल के शुरूआती समय में ही बन गए थे।

BRIEF NEWS

डहरे टुसु में पुरुलिया से शामिल होंगे हजारों संस्कृति प्रेमी

JAMSHEDPUR : वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा 5 जनवरी को डिमना से साकची के आमबगान मैदान तक डहरे टुसु कार्यक्रम होगा। इसमें वृहद झारखंड के अगुआ अजित प्रसाद महतो भी शामिल होंगे। अजित महतो ने कहा कि पुरुलिया से हजारों संस्कृति प्रेमी इस आयोजन में शामिल होंगे। टुसु झारखंड का एक महत्वपूर्ण लोक त्योहार है, जो फसल कटाई के अवसर पर मनाया जाता है। यह त्योहार झारखंड की संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की संस्कृति और कला को प्रदर्शित करना है, जो संस्कृति प्रेमियों को एक मंच प्रदान करना है। इस मौके पर दिलीप कडुआर, दाढ़ी वाला चन्दन, देबाशीष महतो, मंटू महतो, बिरसा महतो, केशव महतो, प्रह्लाद महतो, दीपक रंजीत आदि उपस्थित थे।

एसबीआई पेंशनर्स ने मनाई पिकनिक

JAMSHEDPUR : स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन,जमशेदपुर का पांचवां वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह बुधवार को दलमा हिल व्यू प्वाइंट, मेरीन ड्राइव, सोनारी में किया गया। इस पिकनिक में 97 सदस्यों ने सपरिवार प्राकृतिक वातावरण में पुनर्मिलन का आनंद लिया। समारोह की शुरूआत वरिष्ठ सदस्य आरएल भारद्वाज ने केक काट कर की। इसके बाद सहभोज कर कुछ आउटडोर खेल और अन्य गतिविधियों का आनंद उठाया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से सदस्यों के बीच वार्षिक कैलेंडर व उपहार वितरित किए गए।

बरही अंचल के चौकीदार पद की रिक्ति समाप्त

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में 6 दिसंबर को नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बरही अंचल अंतर्गत बीट संख्या-3/9, जिसमें 14 आवेदन स्वीकृत थे, किंतु 20 सितंबर को अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उस बीट के मृत चौकीदार के आश्रित को चौकीदार के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके आलोक में संबंधित बीट की रिक्ति समाप्त हो गई। 14 दिसंबर को उक्त बीट से संबंधित सभी 14 स्वीकृत अभ्यर्थियों का टंककीय भूलवश प्रवेशपत्र निर्गत हो गया है।

ओडिशा के कटक जिला में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं साहित्यकार

महेश्वर सोरेन को मिला संताली साहित्य अकादमी पुरस्कार

PHOTON NEWS JSR: ओडिशा स्थित मयूरभंज जिले के महेश्वर सोरेन को 2024 में संताली साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा बुधवार को की गई। सोरेन की कविताएं और नाटक आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को उजागर करते हैं। उनके प्रमुख कार्यों में सिकरिया (कविता संग्रह), मने कोवाग धरम दाहर (नाटक) और सेचेड सावंता रेन अंधा मनमी (नाटक) शामिल हैं। महेश्वर सोरेन का जन्म 18 जनवरी 1980 को ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिले के जमुघीहा, पोस्ट- कुंदाबाई, थाना-उदाला में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम लालमोहन और बलही था। उन्होंने आरडीएस महाविद्यालय से बीएससी की। इसके बाद उन्होंने सरकारी आईटीआई, कटक से स्टेनोग्राफी की और एसआईपीएस झारपोखरिया से फामेर्सी में डिप्लोमा किया।

वह फार्मासिस्ट, नाटककार, कवि और संताली फिल्मों के कहानीकार हैं। कटक जिला के जगन्नाथपुर अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत महेश्वर सोरेन ने साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में संताली साहित्य पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया था। उनके लेख विभिन्न पत्रिकाओं, जैसे संधायनी, फागुन, टेटांग, जाहिरामगी, आदिम अरंग, सौनहेद अरंग, खोबोर कागज आदि में प्रकाशित हुए हैं। लेखन के साथ-साथ उन्होंने समाज में अच्छी प्रथाओं और मूल्यों को प्रस्तुत करने के लिए कई गांव स्तर की बैठकों का आयोजन भी किया है। एक नाटककार के रूप में उन्हें संताली साहित्य विकास समाज, शरत, बिरत आदिवासी होरिजाना सांस्कृतिक समारा, बालासोर, सरवना ट्रस्ट, भुवनेश्वर, बीएसटीएस सोनागाड़ी उदाला, मयूरभंज द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से संताली साहित्यिक पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो आदिवासी भाषा और संस्कृति अकादमी, ओडिशा द्वारा प्रदान किया गया।

इसके अलावा, उन्होंने जुवान अनोलिया मान-2018 पुरस्कार ओडिशा शाखा से और पंडित रघुनाथ मुर्मू पुरस्कार-2018 अखिल भारतीय संताली लेखक संघ से प्राप्त किया। वे एआईएसडब्ल्यूए, एआईएसएफडब्ल्यूए (जमशेदपुर), एएसईसीए उदाला शाखा के आजीवन सदस्य हैं। सिकरिया (कविता-2015) उनकी पहली पुस्तक है, मने कोवाग धरम दाहर (नाटक-2016) उनकी दूसरी प्रकाशित पुस्तक है और सेचेड सावंता रेन अंधा मनमी उनकी तीसरी प्रकाशित नाट्य पुस्तक है।

महेश्वर सोरेन

महेंद्र मलंगिया को मैथिली साहित्य में पुरस्कार

बिहार के मैथिली साहित्यकार महेंद्र मलंगिया को उनके योगदान के लिए 2024 का मैथिली साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा। महेंद्र मलंगिया ने मैथिली साहित्य में नाटक, कविता और आलोचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

शिक्षा मंत्री ने एमपी एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया बयान

CHAIBASA : राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन व कार्यकर्ता दिनेश कुमार ने बुधवार को चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में बयान दर्ज कराया। आचारसंहिता उल्लंघन मामले में अदालत ने दोनों को बयान कलमबंद किया है। दोनों पर विधानसभा चुनाव के दौरान सोनारी थाना में सिटी मैनेजर रविशंकर भारती द्वारा आचारसंहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। मामले में बताया गया था कि रामदास सोरेन और दिनेश कुमार अपने समर्थकों के साथ बिना अनुमति के जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगा रहे थे। गुप्त सूचना पर भारती वहां पहुंच गए और दोनों के खिलाफ सोनारी थाना में मामला दर्ज कराया था।

ट्रक ने मारी टक्कर, बाइक से गिरकर शिक्षक की हुई मौत

ड्यूटी जाते समय एनएच-75 पर हुई दुर्घटना

AGENCY LATEHAR : जिला मुख्यालय के किन्नामाड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास बुधवार को एनएच 75 पर ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार शिक्षक की मौत हो गई। मृत शिक्षक की पहचान मेदिनीनगर निवासी संजय सिंह (42) के रूप में हुई है। मृत शिक्षक लातेहार के कुंदरी मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में पदस्थापित थे। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक संजय सिंह अपने घर से स्कूल जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकले थे। रास्ते में पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेने के बाद जैसे ही वह पेट्रोल पंप से बाहर रोड पर आए, इस दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी । घटना इतनी भीषण थी कि शिक्षक संजय सिंह की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद डीएसपी अरविंद कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर मृत शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में शिक्षक और स्थानीय लोग सदर अस्पताल पहुंच गए । शिक्षकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना लगातार हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सरकार की अनावश्यक बायोमेट्रिक सिस्टम है। शिक्षक संघ के नेता हीरा यादव और अजय कुमार ने बताया कि मात्र शिक्षकों के लिए वर्तमान में बायोमेट्रिक सिस्टम को अनिवार्य किया गया है। शिक्षकों को सुबह स्कूल पहुंचकर अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से अटेंडेंस बनाना है। इस कारण शिक्षक जल्दबाजी में स्कूल जाने को विवश होते हैं और इस प्रकार की घटना के शिकार होते हैं। शिक्षक संघ के नेताओं ने सरकार से मांग किया कि मृत शिक्षक के परिजनों को तत्काल 50 लाख रुपए मुआवजा और आश्रितों को तत्काल सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही बायोमेट्रिक सिस्टम पर भी रोक लगाने की मांग की गई ।

घटनास्थल पर जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

झारखंड नेशनल फिल्म फेस्टिवल में 37 फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

JAMSHEDPUR : झारखंड नेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन बुधवार को भी फिल्मों की स्क्रीनिंग आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में हुई। विभिन्न भाषाओं एवं जॉनर की फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक 37 कैटेगरी में फिल्में दिखाई गईं। 8 म्यूजिक एलबम, 11 शॉर्ट फिल्म, 5 डॉक्यूमेंट्री , 4 फीचर फिल्म और 9 अंतराष्ट्रीय फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। इसमें आयरलैंड, इटली, यूनाइटेड स्टेट, जर्मनी, जापान, ब्राजील जैसे देशों की फिल्में शामिल थीं। वहीं अलग-अलग राज्य से 6 भाषाओं पर जो हिंदी, नागपुरी, बंगाली, संथाली, अंग्रेजी, मुंडारी, कुरमाली, खोरठा भाषा की फिल्में प्रदर्शित की गईं। फिल्मों ने अपनी अनोखी कहानी, गहन भावनाओं और कलात्मक प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें राम द रियल हीरो, गोलगप्पा, हिड़ीज, ए काजल गे, बैड पैरेंटिंग, गुलमाल और जया जैसी कई अन्य फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग का मुख्य उद्देश्य झारखंड की कला, संस्कृति और सिनेमा को बढ़ावा देना था।

2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य, जागरूकता से ही जीतेंगे

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

DHANBAD : राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, धनबाद की ओर से बुधवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में टीबी जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सरकार ने 2025 तक देश को टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। सामूहिक भागीदारी से ही इस पर विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने छात्रों को टीबी के लक्षण, बचाव व इलाज के बारे में जानकारी दी। बताया कि टीबी किसी को भी हो सकता है, लेकिन सही इलाज से ठीक भी हो सकता है। मेडिकल स्टूडेंट्स को सरकार की ओर से टीबी मरीजों को दी जाने वाली निक्षय पोषण योजना आदि की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके लाल, अधीक्षक डॉ. एसके चौरसिया, डीटीसी टीयू के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक जावेद अंसारी, टीबीएचवी संजय कुमार जयसवाल, भारतीय रेडक्रास समिति के सलाहकार मधुरेंद्र कुमार सिंह आदि भी मौजूद थे।

पुलिस और आम जनता के बीच दूरी कम करना और विश्वास बढ़ाना जरूरी : एसपी

AGENCY KHUNTI : नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करने तथा पुलिस और नागरिकों के बीच मौजूद अविश्वास और दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से खूंटी पुलिस के जरिये बुधवार को नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना और पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास का पुल तैयार करना है। कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों और अधिकारियों को तुरंत निर्देशित किया गया कि मामलों का निपटारा जल्द करायें। कुछ मामलों का मौके पर ही कर निष्पादन किया गया, जिन मामलों को तत्काल हल नहीं किया जा सका, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे की कार्यवाही के लिए दर्ज किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के जरिये कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक जानकारी आमजनों को दी गई। इनमें मुख्य रूप से गुमशुदा बच्चों और महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआइआर एवं ऑनलाइन एफआइआर प्रणाली, डायल 112 तथा 1930 (साइबर फ्रॉड) एस.सी-एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम, संपत्ति मूलक अपराध, साइबर अपराधियों के जरिये ठगी के तरीके, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

आम लोगों की शिकायत सुनते एसपी अमन कुमार ● फोटोन न्यूज

अल्पसंख्यकों को दी गई अधिकार व कर्तव्य की जानकारी

HAZARIBAG : विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बताया कि ओबीसी, एसटी, एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कल्याण विभाग में कई योजनाएं चलाई जाती हैं, जो विशेष कर इन समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए सहायक होती है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

हृदयाघात में छाती की पंपिंग कर बचाई जा सकती जान

PHOTON NEWS LATEHAR : समाहरणालय सभागार में बुधवार को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर कार्यशाला हुई, जिसमें उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी उपस्थित थे। इस दौरान डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर फैज अहमद मुमताज ने बताया कि सीपीआर हृदयगति रूक जाने के बाद जीवनरक्षा के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक है। इसमें छाती पर पंपिंग करके या रोगी के मुंह में कोई व्यक्ति अपने मुंह से सांस भर कर बचा सकता है। यह एक मेडिकल थैरेपी की तरह है, जिससे लोगों की जान बचाई जा सकती है। रिम्स के चिकित्सक डॉ. जसवंत ने सीपीआर तकनीक का डेमोस्ट्रेशन कर दिखाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सीपीआर का पूरा नाम कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन है। इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले पाने जैसी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो कई बार किसी व्यक्ति की अचानक सांस रुक जाती है या कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में किसी को सांस नहीं आती है, तो सीपीआर दिया जाता है। सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को सांसें दी जाती हैं, जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलता है। इसके साथ ही इससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है। अगर व्यक्ति की सांस या धड़कन रुक गई है तो पर्याप्त ऑक्सीजन के बिना शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगती हैं। वहीं, इसका असर दिमाग पर भी पड़ता है, जिससे गंभीर व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। ऐसी स्थिति में अगर सीपीआर दिया जाता है। इससे जान बचने की संभावना बढ़ जाती है।

सीपीआर का डेमो देते डॉ. जसवंत ● फोटोन न्यूज

सरकारी दस्तावेज में इस गांव का नाम है दर्ज, लेकिन आबादी शून्य

खूंटी जिले के बिरहोर चुआं गांव में नहीं रहता है कोई इंसान

AGENCY KHUNTI : गांव शब्द आते ही खपड़ैल मकान, पगडंडी, बच्चों की कोलाहल और मवेशी आदि से भरी किसी ऐसे स्थान की तस्वीर हमारे सामने आ जाती है, जहां लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं और पर्व-त्योहार मनाते हैं। वैसे गांव की परिभाषा ही है, जहां लोग एक साथ रहते हैं लेकिन सरकारी दस्तावेज में ऐसे कई गांव हैं, जहां कोई इंसान नहीं रहता। वहां के खेतों में दूसरे गांव के लोग खेती करते हैं। सरकारी भाषा में ऐसे गांव को बेचिरागी गांव कहते हैं। ऐसा गांव जहां चिराग जलाने वाला काई न हो। ऐसा ही एक बेचिरागी गांव है खूंटी जिले के रनिया प्रखंड का बिरहोर चुआं। सरकारी दस्तावेज में इस गांव को राजस्व गांव का दर्जा प्राप्त है लेकिन आबादी शून्य है। यहां कोई घर नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले उस गांव में बिरहोर जनजाति के लोग रहते थे। बिरहारों को आमतौर पर घुमंतू माना जाता है, जो कुछ ही दिनों में अपना स्थान बदल देते हैं। दशकों पहले यहां आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोग रहते थे लेकिन धीरे-धीरे वहां के लोग गांव छोड़कर कहीं चले गये।

आसपास के गांव वाले बताते हैं कि बिरहोर एक चुंआ का उपयोग पानी पीने और अन्य कामों के लिए करते थे। उन्हीं के नाम पर गांव का नाम बिरहोर चुंआ पड़ा। आज भी वह चुआं विद्यमान है। गांव के बिरहोर कहां गये और क्यों नहीं लौटे, इस संबंध में कोई कुछ नहीं बता पाता है। बिरहोर चुंआ गांव में एक आम के पेड़ के नीचे उनकी कब्रगाह आज भी मौजूद है। ग्रामीण बताते हैं कि कब्रगाह में मिट्टी के बर्तन में शवों के कंकाल हैं। इसके अलावा किसी भी प्रकार के चिह्न उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीण भी गांव के संबंध में कुछ नहीं बता पाते हैं। सरकारी अधिकारी सिर्फ इतना कहते हैं कि बिरहोर चुंआ नाम का गांव तो है लेकिन आबादी नहीं होने के कारण सभी जगह बेचिरागी के रूप में रिपोर्ट भेजी जाती है। गांव के नाम से कोई सरकारी योजना भी नहीं बनती है। जनगणना में भी जनसंख्या शून्य दशार्यी जाती जाता है। जयपूर के ग्राम प्रधान और सेवानिवृत्त शिक्षक एरियल संजय कंडुलना कहते हैं कि बिरहोर रस्सी और ओखली बनाकर बेचते थे। बंदर पकड़ा करते थे। माना जाता है कि उनका रोजगार नहीं चलने के कारण उन्होंने गांव छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बड़े-बुजूर्ग बताया करते थे कि बिरहोर समुदाय के लोग छपरी बनाकर रहते थे। वे कहां चले गये। इसकी किसी को जानकारी नहीं है। रनिया प्रखंड की प्रमुख नेली डहंगा ने कहा कि बिरहोर चुंआ दस्तावेजों में राजस्व गांव के रूप में दर्ज है। बिरहोर समुदाय के पलायन कर जाने के संबंध में किसी को कोई जानकारी नहीं है।

दो गांव हैं 'बेचिरागी'

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, खूंटी जिले में दो बेचिरागी गांव हैं। एक रनिया प्रखंड का बिरहोर चुंआ, जिसकी आबादी शून्य है। क्षेत्रफल 207.75 हेक्टेयर है। इसी प्रकार खूंटी प्रखंड के छोटा बांडी के नाम से एक ग्राम है, जहां कोई भी निवास नहीं करता है। छोटा बांडी का क्षेत्रफल 18 हेक्टेयर है। रनिया प्रखंड में ही एक ऐसा गांव है, जिसमें सिर्फ एक ही परिवार निवास करता है। गांव का नाम चेंगरे है, जिसका कुल क्षेत्रफल 87 हेक्टेयर है। गांव में एक ही परिवार निवास करता है, जिसमें कुल नौ सदस्य हैं। इनमें पांच पुरुष और चार महिलाएं हैं।

बिचौलियों के पास धान न बेचें किसान : सुदीप गुड़िया

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक सुदीप गुड़िया ● फोटोन न्यूज

KHUNTI : तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि किसान बिचौलियों के पास धान न बेचें। सरकार 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी कर रही है। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्र के खुलने के साथ ही धान की खरीदारी शुरू हो गयी। विधायक सुदीप गुड़िया ने तोरपा प्रखंड के तपकारा, तोरपा तथा अम्मा लैंपस में भी धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उदेश्य है कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। सरकार ने बोनस सहित 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का जरूर ख्याल रखें कि धान की खरीद में बिचौलिये हावी ना हों। किसानों को सीधा लाभ पहुंचे तथा समय पर भुगतान हो। मौके पर बीडीओ नवीन चंद्र झा, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाडी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष अमृत हेमरोम आदि उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

विनोद बिहारी महतो की मनाई गई 33वीं पुण्यतिथि

RANCHI : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से बुधवार को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा स्व। विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि पर डोरंडा स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गयी। आंदोलनकारियों ने ह्विनोद बिहारी महतो अमर रहेह्व के नारे के साथ स्व। महतो को श्रद्धांजलि दी और उनके अरमानों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि विनोद बिहारी महतो अखंड झारखंड के पक्षधर थे। वे हमेशा राज्य के लोगों को ह्लपढ़ो और लड़ोह्व का नारा देते हुए उन्हें एकजुट करते थे और अपने हक अधिकार के लिए प्रेरित करते थे।

2444 लोगों की शिकायतों का हुआ निपटारा

RANCHI : झारखंड पुलिस के बैनर तले रांची छोड़कर राज्य के सभी जिलों में आज (18 दिसंबर) जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 2444 आम लोगों की समस्याएं पुलिस अधिकारियों के द्वारा सुनी गई और उसका समाधान किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। जानकारी के अनुसार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्या सुनी गई और उनकी मदद की गई। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 23 जिलों में 23 आईजी, डीआईजी और कमांडेंट रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया था। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग कर रहे थे।

प्राथमिक व मवि के छात्रों का 'अपार' कार्ड बनाना अनिवार्य

RANCHI : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत झारखंड के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्रों का अपार आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया गया है। इस आईडी कार्ड में बच्चों का पूरा शैक्षणिक डेटा उपलब्ध होगा, जिससे छात्रों के स्थानांतरण के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक बार आईडी नंबर जारी होने पर यह स्वचालित रूप से डिजीलॉकर में अपलोड हो जाएगा, और छात्र का डेटा हमेशा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। हालांकि इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति के कारण गरीब छात्रों के लिए अपार आईडी कार्ड बनवाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

थानेदार पर कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन के गिरोह को संरक्षण देने का आरोप

पिठोरिया में रंगदारी के लिए युवक पर किया जानलेवा हमला, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के पिठोरिया थाना के थानेदार गौतम कुमार रॉय पर लगातार कुख्यात अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। इससे पिठोरिया इलाके के कुख्यातों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन और उसके गुर्गों ने रंगदारी के लिए कोकदोरो निवासी सफदर सुल्तान पर जानलेवा हमला किया। इससे सफदर सुलतान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। थानेदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना से पहले से ही पिठोरिया थानेदार पर लगातार संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। चूंकि कई एफआईआर दर्ज होने के बाद भी थानेदार सजाउद्दीन और उसके गुर्गों को गिरफ्तार करने के बजाय राहत दे रहे हैं, जबकि सजाउद्दीन जिला बदर अपराधी रह चुका है। कई मामलों में वारंटी भी है।

कई एफआईआर होने के बाद भी थाना प्रभारी नहीं कर रहे कार्रवाई, थानेदार को हटाने की मांग

अपराधियों का बढ़ा मनोबल, लगातार दे रहे घटनाओं को अंजाम | पीड़ित का आरोप- मोटी रकम लेकर अपराधियों को छोड़ रहे थानेदार

"घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जहां तक थानेदार पर संरक्षण के जो आरोप हैं, इसकी जांच की जा रही है। पुष्टि होने पर थानेदार पर कार्रवाई की जाएगी।
-सुमित अग्रवाल, एसपी, ग्रामीण।

20 लाख मांगी रंगदारी, फिर किया जानलेवा हमला

जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर सफदर सुल्तान ने कोकदोरो निवासी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी उर्फ छोटू उर्फ तारीफ अंसारी, रमीज अंसारी, इरशाद अंसारी, खालिक अंसारी, बबलू उर्फ अर्सलान अंसारी, समशाद अंसारी, शहबाज अंसारी, और उपरकोनकी निवासी साहिल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि बुधवार की सुबह करीब 9 बजे एक जमीन पर उनकु झाड़ियों की साफ-सफाई करवा रहे थे। इस दौरान वहां बलेनो कार **(JH01-FB-3929)** में सवार होकर सभी अपराधी पहुंचे और 20 लाख की रंगदारी की मांग की और जान मारने की धमकी दी। इसके बाद चारदीवारी को लात से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद करीब 11:55 बजे संबंधित जमीन से 500 मीटर की दूरी पर स्थित वे अपने निर्माणाधीन मकान और मार्केट में अपने छोटे बच्चे के साथ खड़े होकर निर्माण कार्य देख रहे थे। उसी दौरान वहां महिंद्रा थार **(JH01-FF-1471)** और बलेनो कार **(JH01-FB-3929)** में सवार होकर पहुंचे और जान मारने की नीयत से हमला कर दिया।

गिरफ्तारी नहीं होने से बढ़ता जा रहा मनोबल

पुलिस द्वारा सजाउद्दीन को हिरासत में लेकर छोड़ देने के बाद इसका मनोबल और भी बढ़ गया है। रंगदारी, जमीन पर कब्जा, मारपीट जैसे घटनाओं को अब ये लगातार अंजाम दे रहे हैं। पूर्व में भी सजाउद्दीन व इसके गिरोह के खिलाफ कई लोगों ने अलग-अलग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लेकिन, पुलिस ने अब तक कोई कारवाई नहीं की है।

संरक्षण की वजह से पनपा सजाउद्दीन

पीड़ित परिवार का कहना है कि थानेदार गौतम कुमार रॉय का अपराधियों से गठजोड़ है। थानेदार के संरक्षण से अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। हर काले धंधे में थानेदार का कमीशन तय है। यही कारण है कि जिला बदर कुख्यात सजाउद्दीन व अन्य मनचलों का मनोबल बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों में सजाउद्दीन और इसके गुर्गे द्वारा मारपीट, रंगदारी, जान मारने की धमकी, पिस्टल दिखाकर लूटपाट, जान मारने की नीयत से हमला व अन्य आपराधिक घटनाओं को लेकर रांची के अलग अलग थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके बावजूद पुलिस अब तक इन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी।

कोर्ट के बाहर से पकड़ाया, पुलिस ने कुछ देर बाद छोड़ दिया

पीड़ित परिवार के अनुसार, 12 दिसंबर को कुख्यात सजाउद्दीन अपने गुर्गों के साथ कोर्ट पहुंचा था। दरअसल, सजाउद्दीन पर दर्ज कई मामलों की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। कांके थाना में दर्ज केस नंबर 328/2024 में सजाउद्दीन ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई है। इसी केस में जमानत पाने के लिए सजाउद्दीन अपने गुर्गों के साथ पहुंचा था। उसे कोर्ट के बाहर हिरासत में भी लिया गया। लेकिन, कुछ देर के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

आश्वासन के बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

पिछले महीने नवंबर में सजाउद्दीन व इसके गुर्गों ने रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया था। इस दौरान थाना प्रभारी ने सजाउद्दीन व उसके गुर्गों को दो दिनों के अंदर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। इस आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौटे थे। लेकिन, अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई।

28 सितंबर को आधिकारिक रूप से गिरिडीह पुलिस के समक्ष किया था सरेंडर

54 कांडों में शामिल कुख्यात नक्सली रामदयाल से राज उगलवा रही एनआईए

- लिया गया है चार दिनों की रिमांड पर, तोपचांची थाना उड़ाने का भी है आरोपी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में नक्सलियों का लगभग सफाया हो गया है। बचे नक्सलियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है- झारखंड से जल्द ही माओवादियों का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस के साथ साथ सीबीआई और एनआईए भी कई मामलों को टेकओवर करते हुए जांच कर रही है। इसी क्रम में एनआईए ने 54 नक्सली वारदातों में शामिल रहे कुख्यात नक्सली रामदयाल महतो उर्फ बच्चन को चार दिनों की रिमांड पर लिया है। महतो से सघन पूछताछ चल रही है। नक्सलियों के कई गुप्त राज की एनआईए महतो से उगलवा रही है। रामदयाल महतो तोपचांची थाना को उड़ाने का भी आरोपी है। रामदयाल महतो ने इस साल 28 सितंबर को आधिकारिक रूप से गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पीपराडीह निवासी रामदयाल महतो उर्फ बच्चन धनबाद के तोपचांची थाना उड़ाने एवं एसएलआर सहित लगभग 07-08 हथियार को लूटने के मामले में अहम भूमिकी निभाई थी। इसके अलावा साल 2022 में रामदयाल की अगुवाई में ही डुमरी थाना के तेलियाबहियार गांव में उप मुखिया असलम अंसारी को पुलिस मुखबिर घोषित कर गोली मारकर हत्या की गई थी। रामदयाल के विरुद्ध झारखंड में लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। गिरिडीह व धनबाद जिले के 54 नक्सली वारदातों में वह शामिल रहा है। गिरिडीह जिले के 43 कांड एवं धनबाद जिले के 11 कांडों में पुलिस को रामदयाल की तलाश थी।

मानव अधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष बने वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला को बुधवार को वर्ष 2024-26 के लिए मानव अधिकार मिशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही दीपक कुमार को प्रदेश महासचिव, मनोज कुमार, सोहनी राय, डॉ एके सिन्हा एवं सुरेश गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के कुल 28 पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया है। मानव अधिकार मिशन संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) से एफिलिएटेड है। साथ ही नीति आयोग के अंतर्गत निर्बंधित है। इस संस्था के मुख्य संरक्षक देश के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति बालाकृष्णन हैं। संरक्षक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा और केंद्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा डॉ ममता शर्मा हैं। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेंद्र शर्मा हैं।

कांग्रेस ने किया राजभवन मार्च, मणिपुर और अडानी मामले में उठाए सवाल

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने अडानी व उनके सहयोगियों को बचाने और साथ ही मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने के विरोध में एक विशाल राजभवन मार्च का आयोजन किया। यह मार्च प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राजभवन तक निकाला गया। मार्च बाद में एक सभा में तब्दील हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। उन्होंने कहा मणिपुर में हिंसा जारी है और कर्फ्यू लगाया गया है। लेकिन, प्रधानमंत्री ने अब तक वहां का दौरा नहीं किया। मणिपुर को लेकर मोदी जी की चुप्पी और अडानी के मामले पर सरकार की अनदेखी चिंताजनक है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मणिपुर मामले पर जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि अमित शाह झारखंड में कई बार आए, लेकिन मणिपुर में हो रही हिंसा पर उनके पास समय नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी मामले में मोदी सरकार भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रही है। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि मोदी जी संविधान से मिली ताकत को भूल गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अडानी को बचाने की कोशिश की गई तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर देगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान और बाबा साहब का अपमान किया जा रहा है।

राजभवन मार्च करते कांग्रेस नेता। ● फोटोन न्यूज

झारखंड हाईकोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी व एटीएस एसपी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, जिससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपितों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपितों की सजा की दर कम होने के मामले में बुधवार को राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्ट अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाएं ताकि पुलिस की ओर से जब्त किये गये मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो। इसके साथ मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले।

दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग से गुजरात मिलने पहुंचीं मंत्री दीपिका पांडे

RANCHI : ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से गुजरात के वड़ोदरा में मुलाकात की। साथ ही उसका हाल जाना। मंत्री के साथ गई टीम ने ना सिर्फ बच्ची का हाल जाना, बल्कि उसे आर्थिक मदद पहुंचाते हुए पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात सरकार से दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ आईजी सुमन गुप्ता भी थे।

केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार आरोप लगा रही है झामुमो : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के जरिये हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगाया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि यदि झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने

रखें। झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए कि ये राशि किस मद की है? कब से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए। मरांडी ने कहा है कि महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये, किसानों को प्रति क्विंटल धान के 3,200 रुपये और युवाओं को नौकरी देने के झूठे वादे का भंडाफोड़ हो चुका है। इसलिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर आप अपनी विफलताओं को छिपा सकते।

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

RANCHI : हाईकोर्ट से 28 जनवरी को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सचिवालय सहायक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अदालत ने जेएसएससी की ओर से एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। सिंगल बेंच ने एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश को सही ठहराया था। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने बहस की।

तकलीफ : रेलवे के अतिक्रमण हटाओ अभियान में 205 परिवारों के उजड़ गए घर

कड़ाके की ठंड में तोड़ दिया गरीबों का आशियाना

PHOTON NEWS RANCHI : रांची रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के चलते रांची के बिरसा चौक पर रहने वाले 205 परिवारों के घर उजड़ गए हैं। नतीजतन, सभी को टेंट और आग के सहारे ये सर्द रातें गुजारनी पड़ रही हैं। जब तक अलाव जलता है, तब तक नींद आती है, लेकिन जैसे ही अलाव बुझता है, नींद फिर टूट जाती है और फिर ठंड के कारण नींद नहीं आती। अपना दर्द बयां कर रही दुलारी देवी पिछले 44 वर्षों से वहां मकान बनाकर रह रही थीं, लेकिन चूंकि जमीन रेलवे की थी, इसलिए रेलवे ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुलारी देवी जैसे 204 परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चला दिया। जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे

बताते हैं कि वे इस जमीन पर तब रहने आए थे, जब यहां जंगल हुआ करता था। उस समय किसी को पता नहीं था कि यह जमीन रेलवे की है। तब से उन्होंने यहां अपनी झुग्गी-झोपड़ी डाल ली और रहने लगे। जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उनमें से कई लोग अपने शहर लौटने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि कुछ को उम्मीद है कि सरकार की ओर से उन्हें कुछ मदद मिलेगी। जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उन्होंने सरकार पर भी उंगली उठाई है। उनका कहना है कि झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले अधिकांश परिवारों ने अबुवा आवास के लिए आवेदन किया था। चुनाव से पहले उनसे कहा गया था कि सभी को जल्द से जल्द अबुवा आवास मिल जाएगा।

44 सालों से रह रहे थे कई परिवार

हाड़ कंपा देने वाली ठंड में रेलवे द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के कारण 204 परिवारों के मकान उजड़ गए हैं और अब वे सड़क पर आ गए हैं। जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे बताते हैं कि वे बिरसा चौक के पास अपनी झुग्गी-झोपड़ी बनाकर पिछले 44 वर्षों से रह रहे थे। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि वे कहां जाएं और क्या करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बिरसा चौक के पास जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उनमें से अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूर हैं। वे प्रतिदिन मेहनत करके अपना घर चलाते थे। इसी मेहनत के बल पर उन्होंने कुछ ईंट जोड़कर एक अस्थायी छत बनाई थी। जिसमें उनके सपने साकार हो रहे थे और बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है, सब कुछ बर्बाद हो गया है।

किराए का घर लेने का भी नहीं दिया गया मौका

65 वर्षीय बुजुर्ग महिला कुसुम देवी ने बताया कि वे पिछले 45 वर्षों से इस जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रही थीं। लेकिन अचानक सब कुछ तबाह हो गया, इतना भी समय नहीं दिया गया कि वे किराए का मकान ले सकें। एक तरफ सरकार गरीबों को बसा रही है, वहीं जिला प्रशासन उन्हें बेदखल करने में लगा है। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले दिनेश का घर भी बुलडोजर से ढहा दिया गया है। दिनेश का कहना है कि वह पुरुष हैं और बाहर रह सकते हैं, लेकिन महिलाएं इस स्थिति में कैसे रहेंगी, यह बहुत मुश्किल सवाल है। दिनेश के मुताबिक पहले रेलवे प्रशासन ने कहा था कि वे 15 दिन का समय देंगे, लेकिन अचानक बुलडोजर आया और उनके घरों को ढहाकर चला गया।

राज्यपाल ने एनआईएमटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

RANCHI : बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआईएमटी) के डिपार्मेंट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज और द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया), झारखंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। एनआईएमटी के सम्मेलन का विषय एडवांस इन फाउंड्री एंड फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी था। सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति और सतत विकास में योगदान देना है। राज्यपाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन तकनीकों का उपयोग निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।

स्कूल के समय पुलिस गश्त की व्यवस्था करने की उठी आवाज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राजधानी रांची में छात्राओं के साथ हो रही छेड़खानी की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। एसोसिएशन ने राज्य सरकार से विधि व्यवस्था में सुधार की अपील की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि रांची सहित पूरे राज्य में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और स्कूल- कॉलेजों के समय पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित रह सकें। अजय राय ने कहा कि वर्तमान में छेड़खानी और हत्याओं की घटनाओं से अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से विधि व्यवस्था के मामलों में गंभीरता दिखाने की अपील की, ताकि इस तरह की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। राय ने यह भी सुझाव दिया कि

राज्य सरकार स्कूलों और कॉलेजों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसोसिएशन ने राज्य सरकार से कड़े कदम उठाने और छेड़खानी के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन का मानना है कि इससे समाज में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को सुरक्षित महसूस करेंगे। अजय राय ने यह भी कहा कि झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

समाचार सार

युवा महोत्सव में चक्रधरपुर की सौरभी दत्ता प्रथम

CHAKRADHARPUR : मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, चक्रधरपुर की छात्रा सौरभी दत्ता ने अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सौरभी ने प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव-2024 की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले सौरभी ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भी पहला स्थान हासिल किया था। कॉलेज के निदेशक श्याम लाल महतो ने कहा सौरभी की यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस जीत से कॉलेज और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

केंद्रीय विद्यालय में चला नेशनल जेंडर कैंपेन

CHAKRADHARPUR : शिक्षा मंत्रालय द्वारा केंद्रीय विद्यालयों में नेशनल जेंडर कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने स्त्री रोग विशेषज्ञ व समाजसेवी डॉ. रीना गोडसोरा मुर्मू को आमंत्रित किया था। उन्होंने कक्षा 9 से 12 के बच्चों को लिंग आधारित हिंसा, उसके विभिन्न प्रकार हानिकारक परिणाम की जानकारी दी। डॉ. रीना गोडसोरा मुर्मू ने बताया कि अतुल सुभाष केस इसका हालिया उदाहरण है, यह हिंसा पुरुष या महिला किसी के साथ भी हो सकती है। बच्चों ने इससे संबंधित कई सवाल पूछे और अपनी शंका दूर की। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल विश्वनाथ हांसदा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अनियमित विद्युत आपूर्ति से ग्रामीण परेशान

GHATSILA : प्रखंड के बीहड़ गांव बासाडेरा के ग्रामीण अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान हैं। ट्रांसफर्मर में आई खराबी के कारण ग्रामीण एक सप्ताह से अंधेरे में थे। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू को बिजली की समस्या से अवगत कराया। मुर्मू विभागीय मिस्त्री को लेकर कालचित्ति पंचायत अंतर्गत बासाडेरा गांव बुधवार को पहुंचीं तथा ट्रांसफॉर्मर में आई खराबी को ठीक कराई। इसके बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने देवयानी मुर्मू को बताया कि महीने में चार पांच बार बिजली लाइन में खराबी आ जाती है। इस कारण अंधेरे में रहना पड़ता है। कभी कभी शाम के समय बिजली काट दी जाती है। इससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो जाती है। मुर्मू ने विभागीय पदाधिकारियों से बात कर समाधान निकालने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

रिपब्लिक डे कैंप के लिए श्रुति रॉय का चयन

GHATSILA : संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर की छात्रा श्रुति रॉय प्री-रिपब्लिक डे कैंप-4 सह रिपब्लिक डे 2025 लॉन्चिंग कैंप के लिए बुधवार को राजेंद्रनगर पटना रवाना हुई। यह कैंप 18 दिसंबर से 26 दिसंबर तक होगा। इस कैंप में चयन से पहले श्रुति रॉय ने कुल 6 अलग-अलग कैंप में बेहतर प्रदर्शन किया था। इस कैंप के पश्चात श्रुति रॉय दिल्ली में होने वाले रिपब्लिक डे कैंप-2025 के लिए रवाना होगी। विद्यालय प्रबंधक सह एनसीसी अधिकारी डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार, प्राचार्या नीलकमल सिन्हा, समस्त विद्यालय परिवार तथा सभी एनसीसी कैडेट्स ने श्रुति को उसके यात्रा और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। अपनी श्रेणी में श्रुति रॉय पूर्वी सिंहभूम जिले से एकमात्र प्रतिभागी होगी।

एमसीसी चाईबासा ने यंग झारखंड को हराया

CHAIBASA : चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे ग्रुप लीग मुकाबले में बुधवार को मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब चाईबासा ने गत वर्ष की चैंपियन टीम यंग झारखंड क्रिकेट क्लब चाईबासा को 48 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही एमसीसी के चार मैच में कुल छह अंक हो गए हैं और अंक तालिका में ये दूसरे स्थान पर पहुंच गया। कल ग्रुप लीग मुकाबले में एमसीसी चाईबासा का मुकाबला गत वर्ष की उपविजेता टीम सेरसा चक्रधरपुर से निर्धारित है।

टेल्को में होगा जैम एट स्ट्रीट

JAMSHEDPUR : टेल्को में 22 जनवरी को जैम एट स्ट्रीट का आयोजन होगा। टाटा स्टील यूआईएसएल ने बताया कि रविवार को सुबह 6.30 बजे से टेल्को लेबर ब्यूरो गोलचक्कर से डीलर्स हॉस्टल तक होने वाले इस कार्यक्रम में पेंटिंग, म्यूजिक, डांस, योगा, बैंडमिंटन, जुम्बा समेत कई तरह के हुनर का प्रदर्शन कलाकार करेंगे। ज्ञात हो कि माह के अंतिम रविवार को टाटा स्टील द्वारा यह आयोजन किया जाता है।

कदमा में दिनदहाड़े अपराधियों ने की फायरिंग, सीने में मारी चार गोलियां

सुबह-सुबह घर से निकलते ही घात लगाए बदमाशों ने किया हमला

PHOTON NEWS JSR : कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर में बुधवार सुबह अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना को सीने में चार गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। हालांकि, आलोक के साथियों ने उसे इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिचितों ने बताया कि आलोक अपनी बुलेट पर सुबह घर से निकला था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोली मार दी।

बन्ना गुप्ता का समर्थक था आलोक : मृतक आलोक पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता का समर्थक था। चुनाव के दौरान भी उसने बन्ना गुप्ता के लिए प्रचार किया था। वह कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान रखता था।

आलोक भगत की फाइल फोटो

काली पूजा विसर्जन के दौरान हुआ था विवाद

चार नवंबर को काली पूजा विसर्जन के दौरान मारपीट हुई थी। इस दौरान आलोक के भाई मनोज भगत के बयान पर मामला दर्ज कराया गया था। मनोज भगत ने शिकायत में बताया था कि काली पूजा विसर्जन के दौरान छोटू बच्चा, आकाश सिंह, नरेश सिंह समेत 10-15 लोगों ने घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। छोटू बच्चा ने भाई पर हथियार तान दिया था। यह मारपीट बीच-बचाव में हुई थी।

25 दिन पूर्व ही हुई थी आलोक की शादी

बता दें कि 25 दिन पूर्व ही 24 नवंबर को आलोक की शादी हुई थी। शादी के एक माह भी नहीं बीते थे कि उसकी हत्या कर दी गई। इधर, घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राजनीतिक हत्या, त्वरित कार्रवाई हो : बन्ना गुप्ता

राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह राजनीतिक हत्या है। चुनाव के दौरान गला फाड़ कर भय और अपराध मुक्त जमशेदपुर बनाने का झूठा प्रचार करने वाले विधायक और झूठ के सौदागर सरयू राय द्वारा पोषित अपराधियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक भगत ऊर्फ मुन्ना की दिनदहाड़े हत्या की है। इस संबंध में यदि त्वरित कार्यवाई नहीं हुई और अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो डीजीपी और मुख्यमंत्री से मिलूंगा, यह एक राजनीतिक हत्या है। कई कांग्रेस के साथियों को भी धमकी मिल रही हैं, यदि पुलिस किसी के दवाब में कार्य करती हैं तो इसको लेकर आंदोलन किया जाएगा।

आपस में ही भिड़ रहे आपराधिक गिरोह : सरयू

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे आपराधिक गिरोह अब आपस में ही भिड़ने लगे हैं। शास्त्रीनगर के आलोक भगत की हत्या बन्ना समर्थित आपराधिक गिरोहों की परपस्पर प्रतिद्वंद्विता का ही परिणाम है। सत्ता का दबाव हटते ही बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे गिरोह आपस में ही भिड़ने लगे हैं। राय ने कहा कि जिन लोगों को हथियार बना कर बन्ना गुप्ता ने पिछले पांच वर्षों में जमशेदपुर में भय और आतंक का साम्राज्य खड़ा किया था, वे अब खुद भयभीत और आतंकित हैं। उनका यह भय और आतंक कहीं बाहर से नहीं, बल्कि एक ही थैली के चट्टे-बट्टों का आपसी संघर्ष है। पुलिस इसकी छानबीन करे और बन्ना गुप्ता द्वारा पिछले पांच वर्षों में कायम किए गए भय और आतंक के माहौल का पदार्फाश करे।

एचसीएल के माइनिंग फोरमैन की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

GHATSILA : मुसाबनी थाना क्षेत्र के माइनिंग फोरमैन प्रवीण सी. रेवती की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सुरदा क्रॉसिंग स्थित जाहेरथान के समीप ड्यूटी जा रहे रेवती की बाइक को पिकअप वैन ने टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। यह दुर्घटना मुसाबनी-घाटशिला मुख्य सड़क पर बुधवार को हुई। हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर के चिथड़े हो गए। हालांकि सुरदा क्रॉसिंग के पास बैठे झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन दौड़कर अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, परंतु तब तक प्रवीण की मौत हो चुकी थी। इसके बाद हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के डीजीएम दीपक कुमार श्रीवास्तव, माइंस मैनेजर डीजे सोम, एचआर हेड अर्जुन लोहरा, विनय कुमार, डीजीएम श्रवण कुमार झा मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रवीण मूल रूप से तेलंगाना के रहने वाले थे। यहां जीनियस कंसल्टेंट के जरिए 1 साल के कांट्रैक्ट पर सुरदा माइंस में आए थे।

रांगड़ा में 8 हजार लीटर नकली विदेशी शराब जब्त

जब्त शराब के साथ मौजूद पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के बिमलगढ़ आरपीएफ क्षेत्र के रांगड़ा रेलवे साइडिंग में बढ़ते कोयला तस्करी के बीच अब अवैध शराब का कारोबार भी सामने आने लगा है। इस बात का पता तब चला, जब बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने रेल साइडिंग से सटी बस्ती में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जो नजारा सामने आया, उसे देखकर आबकारी विभाग के अधिकारी भी हैरान रह गए। टीम ने वहां 8 हजार लीटर नकली विदेशी शराब और 290 लीटर देसी शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार रांगड़ा रेलवे साइडिंग के 12 नंबर बस्ती में रेलवे की जमीन पर अवैध तरीके से बसी बस्ती में पिछले कुछ दिनो से अवैध कारोबार चल रहा है। आरपीएफ और स्थानीय लोगों की मिलीभगत से रांगड़ा रेलवे साइडिंग की इस बस्ती में पहले कोयला और अब नकली शराब का उत्पादन होने लगा है।

एसडीओ ने जब्त किया 1200 सीएफटी बालू

CHAKRADHARPUR : एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी के नेतृत्व में बुधवार को चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के बंगलाटांड़ और उलीडीह में छापेमारी कर लगभग 1200 सीएफटी बालू जब्त किया गया। यह अवैध भंडारण दो जगहों पर किया गया था। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि अवैध रूप से बालू का भंडारण कर बेचा जा रहा था। इसकी गुप्त सूचना मिली थी। एसडीओ ने जेसीबी मशीन बुलाकर ट्रैक्टर और डंपर से सभी बालू को जब्त कर चक्रधरपुर थाना लाया गया। बता दें कि मंगलवार को डीसी ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में रूप से अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पदाधिकारी को निर्देश दिया था। छापेमारी में एसडीओ के अलावा चक्रधरपुर थाना प्रभारी राजीव रंजन, पोड़ाहाट डीएसपी कपिल चौधरी सहित बड़ी संख्या मे पुलिस बल थे।

जगन्नाथपुर में किशोरी के साथ दुष्कर्म व उसकी मौत से बवाल

स्थानीय लोगों ने आरोपी की कर दी जमकर पिटाई, पुलिस को सौंपा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में मंगलवार शाम को एक किशोरी छात्रा की दुष्कर्म के बाद मौत का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक की जमकर पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम 7 बजे नाबालिग छात्रा घर के पीछे आंगनबाड़ी केंद्र के पास बेहोशी की हालत में मिली थी। उसका शरीर अस्त-व्यस्त देख परिजनों के होश उड़ गए। उसे आनन-फानन जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए चम्पुआ रेफर कर दिया गया। चम्पुआ में इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर चंपुआ में भी आग की तरह फैली तो वहां के लोग भी आक्रोशित हो गए। सैकड़ों लोग चम्पुआ अस्पताल पहुंच गए। सभी आरोपी को गिरफ्तार करने और कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने माहौल को किसी तरह शांत कराया। वहीं नाबालिग की मौत की खबर से जगन्नाथपुर में भी लोग उग्र हो गए। लोगों ने पास की बस्ती रहीमाबाद में रहने वाले आरोपी युवक मो. अजमल को दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. बिगड़ते माहौल को देख हाटगम्हरिया, जेटिया व नोवामुंडी थाना की पुलिस समेत जगन्नाथपुर एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे। लोगों को शांत कराया। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तारी कर लिया गया है। पुलिस मामले पर और हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। इधर घटना के बाद पुलिस ने मृतक नाबालिग का शव अपने कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही पोस्टमार्टम हाउस में भी भारी भीड़ जमा हो गई।

पोस्टमार्टम हाउस के पास लगी भीड़

डीआईजी-एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी थाना क्षेत्र की जनता की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए बुधवार को पिल्लई हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम हुआ, जिसमें डीआईजी, कोल्हान मनोज रतन चौथे व एसपी आशुतोष शेखर भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में डीआईजी व एसपी ने जनता की फरियाद सुनी। कई शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि कुछ को अधीनस्थ पदाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया। उन्हें जांच के उपरांत यथाशीघ्र कार्रवाई के लिए गया।

बागजाता माइंस के मजदूरों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

माइंस के गेट पर धरना देते मजदूर ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : बागजाता माइंस रेंज समूह के मजदूरों को काम देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। इसके कारण माइंस में एक भी मजदूर नहीं जा सके। मजदूरों का कहना है कि 9 माह से उन्हें काम नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति चिंताजनक हो गई है। बुधवार को यूसिल प्रबंधक द्वारा आंदोलनकारी मजदूरों से बात कर आवश्यक सेवा बहाल करने के लिए अनुमति मांगी गई। इसके बाद मजदूरों ने आवश्यक सेवा बहाल करने के लिए इमरजेंसी ड्यूटी करने वाले मजदूरों को बागजाता माइंस तक जाने की अनुमति दी और बागजाता माइंस में आवश्यक सेवा चालू हो गई। आंदोलनकारी मजदूरों से मिलने जाम स्थल पर जिप प्रतिनिधि सह पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू पहुंचे और आंदोलन से संबंधित प्रगति रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए मजदूरों के आंदोलन को समर्थन की घोषणा करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

इलाज के दौरान अनुमंडल अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति की मौत

GHATSILA : अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में इलाजरत एक अज्ञात व्यक्ति की बुधवार को मौत हो गई। गालूडीह थाना के एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व गालूडीह रेलवे स्टेशन के पास सड़क किनारे यह व्यक्ति पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना के बाद उसे अनुमंडल अस्पताल लाया गया था। उसके पास कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएन सोरेन ने बताया कि ब्लड प्रेशर अधिक होने के करण उसकी मौत हुई। अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। मौत के बाद घाटशिला के समाजसेवी कलीराम शर्मा ने निजी खर्चे से पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर भेजा।

गोइलकेरा में विधायक ने किया धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

धान खरीद केंद्र का उद्घाटन करते विधायक जगत माझी ● फोटोन न्यूज

GOILKERA : गोइलकेरा बाजार स्थित लैम्पस कार्यालय में मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने बुधवार को धान खरीद केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक की उपस्थिति में ही धान क्रय की शुरूआत हुई। विधायक ने कहा कि केंद्र का उद्घाटन होने से यहां सरकारी दर पर धान बेचने में किसानों को सुविधा होगी। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखें। उन्होंने किसानों से केंद्र में ही धान बेचने की अपील की। बता दें कि गोइलकेरा प्रखंड के आराहासा, बारा, बिला, गम्हरिया, केदा, केबरा, कुईड़ा, तरकटकोचा व कदमडीहा पंचायत के किसान यहां धान बेच सकेंगे। किसानों से 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी। गोइलकेरा प्रखंड में 15 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। यहां कुल 158 पंजीकृत किसान हैं।

कार्य में शिथिलता बरतने के लिए कार्यपालक अभियंता एनआरईपी व भवन प्रमंडल को किया गया शोकॉज

घाटशिला में मल्टी स्पोर्ट्स फैसिलिटी सेंटर के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्देश

PHOTON NEWS JSR : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें अनाबद्ध निधि, सीएसआर, एमपी-एमएलए फंड, डीएमएफटी, पर्यटन एवं कला संस्कृति, खेलकूद विभाग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में कार्यप्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने बुरूडीह डैम में तकनीकी खामियों के कारण नौका विहार नहीं होने पर अप्रसन्नता जताते हुए एसडीओ, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, जिला खेल पदाधिकारी को कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर समस्या को हल करने का निर्देश दिया। वहीं घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में मल्टी स्पोर्ट्स फैसिलिटी कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्वीकृत सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। विकास कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर कार्यपालक अभियंता एनआरईपी एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, जिला योजना पदाधिकारी अरुण द्विवेदी, संबंधित तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त अनन्य मित्तल ● फोटोन न्यूज

लापरवाही बरतने पर संवेदक को करें ब्लैकलिस्टेड

समीक्षा में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल स्वीकृत 24 योजनाओं में 22 पूर्ण एवं 2 अपूर्ण, वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कुल 80 योजनाओं में 68 पूर्ण एवं 12 अपूर्ण तथा 2024-25 के कुल 38 योजनाओं में 35 पूर्ण 3 अपूर्ण पाए गए। उपायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा कार्य में लापरवाही की जा रही हो तो नोटिस देते हुए एकरारनामा रद्द करने की कार्रवाई करें, भूमि संबंधी समस्या होने पर सीओ से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण कराएं।

एमपी-एमएलए फंड को दें प्राथमिकता

सीएसआर फंड की समीक्षा में सिविल सर्जन को 15 जनवरी तक आवंटित राशि के व्यय का निर्देश दिया गया। इस मद से यूसीआईएल खनन क्षेत्र अंतर्गत जनमानस की स्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, सामुदायिक भवन, हाईमास्ट लाइट, पथ का सदृढ़ीकरण आदि कार्य किया जा रहा है। कुल 11 योजनाओं में 5 पूर्ण कर लिए गए हैं। एमपी-एमएलए फंड की स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सांसद व विधायक द्वारा अनुशंसित योजनाओं को प्राथमिकता में रखते हुए कार्य पूर्ण कराएं।

ग्रामीण क्षेत्रों में बनेंगे 8 फुटबॉल स्टेडियम

पर्यटन एवं कला संस्कृति, खेलकूद विभाग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं कुल 16 योजनाओं में 8 फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया जानी है। चाकुलिया (माइदाबांध) एवं जमशेदपुर (सरजामदा) की एक-एक योजना में 50 फीसदी से ज्यादा कार्य हो चुका है, कार्य प्रगति पर है। वहीं पटमदा, धालभूमगढ़, गुड़ाबांदा, बहरागोड़ा, पोटका एवं जमशेदपुर के घाघीडीह पंचायत एवं करनडीह की योजना में एक योजना एकरारनामा की प्रक्रिया में है, तीन का कार्य प्रारंभ एवं एक योजना में पुनरीक्षित प्राक्कलन विभाग को समर्पित किया गया है। लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अन्य योजनाओं में सौंदर्यीकरण कार्य, स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन, नौका विहार सामग्री आपूर्ति के कार्य शामिल हैं।

बुरुडीह डैम में बोटिंग शुरू करने के लिए ग्राम सभा ने दिया अल्टीमेटम

एसडीओ को ज्ञापन देते ग्राम सभा के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : संयुक्त ग्राम सभा द्वारा 15 दिसंबर को बुरुडीह गांव में बैठक कर निर्णय लिया गया कि 4 अक्टूबर को अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला के समक्ष मांग की गइ थी कि नौका परिचालन संयुक्त ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। इसके बावजूद संयुक्त ग्राम सभा को बोटिंग की जिम्मेदारी अभी तक नहीं दी गई है। बुधवार को संयुक्त ग्राम सभा के प्रतिनिधियों ने अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र को मांग पत्र सौपा, जिसमें अनुमंडल प्रशासन से मांग की गई है कि एक सप्ताह के अंदर नौका परिचालन की जिम्मेदारी संयुक्त ग्राम सभा को नहीं दी गई, तो बाध्य होकर ग्राम सभा अपनी ओर से बोटिंग शुरू कर देगी। पर्यटकों को ग्रामसभा निराश होकर लौटने नहीं देगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सीमांतो बारिक, नारायण नायक, नंदो हांसदा, जोसेफ मुर्मू आदि शामिल थे।

जांच में 8 वाहन जब्त, 10 पर लगाया 57 हजार जुर्माना

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर साकची, बिष्टुपुर और जुगसलाई में बुधवार को ऑटो व बस के कागजातों की जांच की गई। मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम के नेतृत्व में चले अभियान में 8 वाहनों को जब्त किया गया, छह ऑटो व दो छोटे मालवाहक शामिल हैं। इन सभी वाहनों के कागजात जांच के दौरान फेल मिले। पांच वाहनों को जुगसलाई और तीन वाहनों को साकची थाने में जब्त कर रखा गया है। 10 वाहनों पर ऑनलाइन लगभग 57, 000 रुपये जुमार्ना लगाया गया। जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण, टैक्स आदि कागजातों की सघनता से जांच की गई। मोटरयान निरीक्षक ने सभी वाहन मालिकों को ऑनर बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, टैक्स फिटनेस, प्रदूषण, इंश्योरेंस जैसे तमाम कागजात अपडेट रखने और बस और ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए ड्रेस कोड में ही वाहनों का परिचालन करने को कहा है।

ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें।

कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है ड्राइविंग

ड्राइविंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कॅरियर बनाने के बारे में शायद ही कोई युवा सोचता हो। यकीनन यह कोई फुल टाइम प्रोफेशन नहीं है लेकिन फिर भी अगर आप इसे एक कॅरियर या व्यवसाय के रूप में देखते हैं तो इसमें भी आपके विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन साबित हो सकता है, जो बहुत अधिक पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन फिर भी अच्छी आमदनी करके एक बेहतर जिन्दगी जीना चाहते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप किस तरह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं-

ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें। इसके अलावा अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो इस स्थिति में आप कुछ ओला व उबर आदि में बतौर कार चालक अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

योग्यता

यह एक ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसके लिए किसी खास प्रोफेशनल डिग्री की आवश्यकता हो। आपको बस एक वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता है और फिर कई ड्राइविंग स्कूल हैं जो आपको अपने आसपास के क्षेत्र में मिलेंगे। आप वहां से ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

जरूरी स्किल्स

अगर आप सच में अपने कॅरियर को ग्रोथ देना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें कुछ स्किल्स का होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको बेहद अच्छी तरह से कार ड्राइव करनी आनी चाहिए। यह आपके कॅरियर के लिए सबसे पहली और जरूरी शर्त है। इसके अलावा आप जिस शहर में हैं, वहां की सड़कों की आपको अच्छी जानकारी होनी चाहिए। वैसे इन दिनों जीपीएस के जरिए भी रास्तों के बारे में पता लगाया जा सकता है। वहीं आपमें बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होना भी बेहद आवश्यक है। सारा दिन आपकी गाड़ी में कई कस्टमर आएंगे, आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है।

संभावनाएं

इस क्षेत्र में कॅरियर ग्रोथ काफी अच्छी है। सबसे पहले तो आप ओला व उबर के अलावा कई ड्राइविंग कंपनियों में बतौर ड्राइवर काम कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बतौर टेनर भी काम कर सकते हैं और दूसरे लोगों को कार चलाना सिखा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्सनल कार ड्राइवर की जरूरत होती है, आप उनके लिए भी काम कर सकते हैं। वहीं खुद भी कार या टैक्सी लेकर उसे ड्राइव कर सकते हैं। इस तरह आप खुद ही मालिक बन सकते हैं।



एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो मिक्सोलॉजी में देख सकते हैं अपना कॅरियर

अगर आप उनमें से हैं, जिन्हें नौ से पांच की जॉब करना अच्छा नहीं लगता। आप अपनी लाइफ में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो ऐसे में मिक्सोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह एक बेहद ही डिफरेंट कॅरियर ऑप्शन है। एक मिक्सोलॉजिस्ट एक व्यक्ति है जो कॉकटेल और मिश्रित पेय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मादक पेय और अन्य सामग्री को मिलाता है। आमतौर पर लोग मिक्सोलॉजिस्ट को बारटेंडर ही समझते हैं, लेकिन इनमें अंतर है। बारटेंडर केवल बार में होते हैं और केवल पहले से मौजूद डिंक्स को ही बनाते हैं। जबकि मिक्सोलॉजिस्ट कई नए तरह के कॉकटेल बनाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस कॅरियर के बारे में बता रहे हैं-

क्या होता है काम

एक मिक्सोलॉजिस्ट का काम बारटेंडर की तुलना में अधिक विस्तृत होता है। वे कई तरह की डिंक्स को मिक्स करके एक नया पेय पदार्थ बनाने के अलावा, बार को आर्गेनाइज करना, कस्टमर्स को नए डिंक्स के बारे में बताना और उन्हें एंटरटेन करना, नए पेय पदार्थों का सुझाव देना और मेन्यू में कुछ नए पेय पदार्थों को शामिल करना होता है। यह एक ऐसी जॉब है, जिसमें आप हर दिन कुछ नए एक्सपेरिमेंट करते हैं और खुद को एक्सप्लोर करते हैं। हालांकि यहां पर काम के कोई निश्चित घंटे नहीं होते।

स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए किसी निश्चित डिग्री का होना आवश्यक नहीं है। आपके स्वाद की समझ ही आपको आगे लेकर जाती है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां ऐसे मिक्सोलॉजिस्ट को पसंद करती हैं जिनके पास बारटेंडिंग लाइसेंस होता है। उम्मीदवार किसी भी कंपनी में अल्पकालिक भुगतान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

संभावनाएं

यकीनन यह एक अलग कॅरियर क्षेत्र है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने काम में अच्छे हैं तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं होने वाली है। आप बार या रेस्टोरेंट के अलावा, क्लब, पब, होटल, टैवर्न आदि में बेहद आसानी से काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कंपनियां फूड एंड बेवरेज शो या फिर कई मार्केटिंग इवेंट्स में अपनी सर्विसेज देने के लिए भी मिक्सोलॉजिस्ट को हायर करती हैं। इस तरह के इवेंट्स में आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

आमदनी

एक मिक्सोलॉजिस्ट की सालाना पूरी तरह से उस क्लब / रेस्तरां / बार पर निर्भर करेगा जिस पर वह काम कर रहा है। फिर भी शुरूआती दौर में आप दो से तीन लाख रूपए सालाना आसानी से कमा सकते हैं।

प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, लखनऊ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कोलकाता
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुंबई
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमैंट कैटरिंग टैक्नोलॉजी- एप्लाईड नुट्रीसन, कोलकाता
- सेंटमेरी कॉलेज, बैंगलोर
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, शिमला

कैसे बनें लेखपाल? जानें योग्यता, एग्जाम पैटर्न, सैलरी व सभी जानकारी

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं।

आजकल अधिकतर युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। लेकिन सरकारी नौकरी पाना इतना आसान नहीं हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी सरकारी नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरुरी नहीं है।

आज हम आपको बताएंगे कि आप लेखपाल कैसे बन सकते हैं -

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं। आजकल युवाओं में इस पद की डिमांड बहुत ज्यादा है। लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू देना होता है।

लेखपाल दो तरह के होते हैं - राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल। राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं और राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं।

योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए।
- मिनिमम परसेंटेज की कोई शर्त नहीं होती।
- उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

आयु सीमा

लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष और 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाती है।

लेखपाल बनने की परीक्षा

लेखपाल बनने के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू ये दो चरण होते हैं। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होती है। इसके लिए 90 मिनट दिए जाते हैं। इसमें माइनस मार्किंग नहीं होती। परीक्षा में हिन्दी, सामान्य ज्ञान, गणित और ग्राम समाज और विकास के प्रश्न पूछे जाते हैं। हर सेक्शन में 25-25 प्रश्न होते हैं। लेखपाल की परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी सामान्य गणित और सामाजिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू दोनों को मिलाकर जो भी मार्क्स मिलते हैं उसी के आधार पर लेखपाल को चुना जाता है।

सैलरी

एक लेखपाल की सैलरी 5200-20200 रूपए प्रतिमाह पे-ग्रेड के अनुसार होती है। लेखपाल एक क्लेरिकल पोस्ट है जो ग्रुप सी के अंतर्गत आती है।

योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए।

टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों

साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है। पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है। आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

कारोबार को समझना जरूरी

ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रुप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं? उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग-अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है? इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग

यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूँढें? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे। कारोबार बढाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरू करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

कुछ महत्वपूर्ण बातें

- साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।
- मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
- कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
- समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8 :00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

ललित गर्ग

खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए?

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।

